# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 10 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 26 जून 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अवैध खनन की खबर पर पहुंचे पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी

### पुलिस ने आरोपियों को लिया हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

उपखंड क्षेत्र में सेंड स्टोन के अवैध खनन की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार को खनन माफियाओं ने जान से मारने की धमकी दे दी। यह गंभीर मामला मंगलवार को कास्या पटवार हल्का अंतर्गत माणक चौक स्थित ऋण मुक्तेश्वर मंदिर मार्ग और देविनिवास रोड क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, तिलस्वा निवासी पत्रकार गिरधर पाराशर अवैध खनन की सूचना मिलने पर मौके पर कवरेज के लिए पहुंचे थे, तभी वहां मौजूद खनन माफियाओं ने उन्हें घेर लिया। डोबिया निवासी जगदीश धाकड़, नवरतन धाकड़ समेत अन्य ने पत्रकार से गाली-गलौच की और मोबाइल छीनने की कोशिश की।

आरोप है कि पत्रकार को धमकी दी गई कि यदि खबर प्रकाशित की गई, तो उसके हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे और जान से मार दिया जाएगा। आरोपियों ने न केवल मौके पर डराया, बल्कि बाद में उसके निवास स्थान पर जाकर भी परिवार को धमकाया। परिजनों के विरोध और शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग निकले।

पीड़ित पत्रकार का कहना है कि उन्हें लगातार फोन पर धमकियां मिल रही हैं और पत्रकारिता छोड़ने का दबाव बनाया जा रहा है। इससे उनका पूरा परिवार मानसिक दबाव में और भयभीत है।

#### पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपियों को डिटेन किया

घटना की जानकारी मिलते ही बिजौलिया थाना पुलिस हरकत में आई। थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि पत्रकार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों को हिरासत में लेकर हवालात में रखा गया है। मामले की जांच जारी है और कानून के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

#### प्रशासन ने भी लिया संज्ञान

तहसीलदार ललित डिडवानिया ने बताया कि देविनिवास क्षेत्र में सरकारी रास्ते पर अवैध खनन की शिकायत के बाद पटवारी और गिरदावर को मौके पर भेजा गया। यह जांच की जा रही है कि खनन कार्य लीज में हो रहा है या सरकारी भूमि पर।

गिरदावर संजय पाराशर द्वारा मौके की रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## मंगरोप पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 4532 अवैध गांजे के पौधे जब्त



मंगरोपः अवैध गांजे के जब्त पौधे

**भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप**

अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगरोप थाना क्षेत्र में एक खेत से अवैध गांजे की खेती पकड़ी है। खेत से कुल 4532 गांजे के पौधे जब्त किए गए, जिनका कुल वजन 2098.600 किलोग्राम है। पुलिस टीम ने इन पौधों को जब्त कर खेत मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है। यह कार्रवाई मंगरोप थाना अधिकारी विनोद मीणा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा पीपलिया गांव के पास की गई। खेत में गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर गांजे की फसल को उखाड़ा गया।

## भीलवाड़ा साँसद ने दिल्ली में रेलवे बोर्ड बैठक में भीलवाड़ा से मांडलगढ़ रेलवे ट्रेक की मांग रखी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

(पेसवानी) भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिल्ली रेलवे बोर्ड बैठक मे भीलवाड़ा जिले को कोटा सम्भाग से सीधी कनेक्टिविटी के लिए भीलवाड़ा से मांडलगढ़ नई रेलवे लाइन की मांग की।

साथ अग्रवाल ने रेलवे ओवर ब्रिज के लिए भी प्रारंभिक रिपोर्ट को रखा इसपर रेल्वे ने अजमेर से एक ब्रिज टेक्नीशियन टीम को भीलवाड़ा भेजा, उन्होंने भी आज रामधाम के क्षेत्र का निरीक्षण किया। साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि दिल्ली में आयोजित रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा से मांडलगढ़ के लिए नई रेलवे लाइन की मांग की जिससे कोटा से सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। साँसद ने भीलवाड़ा शहर के रेलवे ओवर ब्रिज की मांग पर सहमति प्रदान करने पर केंद्रीय रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार का आभार व्यक्त किया ।



साँसद अग्रवाल ने बताया कि रेलवे ब्रिज के डायरेक्टर अनुपम ने इसपर कार्यवाही करते हुए अजमेर रेलवे विभाग से एक टेक्नीकल टीम को भीलवाड़ा भेजा। अजमेर से आयी रेलवे टीम में

शेर सिंह मीणा, शैलेश ओर जगन्नाथ ने सम्भावित आरओबी के लिए सर्वे किया।


इस सर्वे के समय भीलवाड़ा से य प्रेम स्वरूप गर्ग भी साथ रहे। सांसद अग्रवाल ने बताया कि बैठक में रेलवे अंडर ब्रिज में पानी के भराव पर भी पुरजोर विषय को रखा व कहा कि पानी की निकासी के समुचित व्यवस्था हो, जिससे होने वाली परेशानी से आमजन को राहत मिल सके।

## कोटड़ी चारभुजा नाथ में भक्तों का उमड़ा सैलाब, भेंट पात्र में निकले 45 लाख , तो लगे जयकारे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

मेंवाड़ अंचल की आस्था का धाम मुख्यालय स्थित भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में बुधवार को अमावस्या के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अमावस्या पर पंहुचने वाले भक्त नंगे पांव पेदल चल कर भगवान के दर पर मत्था टेक अपनी मन्नत पूरी करते रहे। मन्दिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार में खड़े रह कर अपनी बारी का इन्तजार करने के बाद प्रभू के दर्शन कर अपने को धन्य महसूस किया। इस अवसर पर सुबह भगवान का पण्डितों के मन्त्रोच्चारण के साथ दूध व पंचामृत से अभिषेक किया गया। वहीं स्वर्णजड़ित आभूषणों की पोषाक धारण करा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अमावस्या का विशेष महत्व होने के कारण दिनभर भक्तों की रेलमपेल रही। भक्त हाथों में धान की थेली, प्रसाद व अगरबत्ती लेकर पंहुच रहे थे। छोटे से लेकर बुजुर्ग महिला-पुरूष प्रभू के दर्शन करने को आतूर नजर आए। भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन, मन्दिर ट्रस्ट व श्रद्धालु भक्तों को दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्था में जुटे रहे। साथ ही श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी व ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मन्दिर परिसर में रखे भेंट पात्रों को भक्तों की उपस्थिति में खोला गया तो भक्तों ने राशि के ढ़ेर को देख कर श्रीचारभुजानाथ के जयकारों से मन्दिर परिसर को गूंजा दिया। जिसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सहयोग से गिनती की गई। अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बताया कि भेंट पात्र से



32 लाख 11 हजार 278 रूपयों निकले। वहीं महिने के दौरान 8 लाख 74 हजार 594 रूपय रसीदों से तथा 3 लाख 21 हजार 571 रूपये ऑन लाईन भक्तों के द्वारा डाले गए। उन्होने बताया कि इस माह 45 लाख 7 हजार 441 रूपये भक्तों के द्वारा प्राप्त हुए। साथ ही 1 किलो 560 ग्राम चान्दी के आभूषण भी भक्तों के द्वारा प्रभू के श्रीचरणों में चढ़ाए गए। जिन्हें ट्रस्ट के बही खातों में इन्द्राज किया गया। पिछले पांच दिन चल रही रिमझिम बरसात के चलते सुहावने मोसम में दिनभर क्षेत्रीय भजन कलाकारों ने भगवान श्रीचारभुजानाथ पर आधारित भजनों की प्रस्तूती पर भक्त नाचते नजर आए। कस्बावासियों ने भी भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की। किराना, कपड़ा, आभूषण, जुत्ते-चप्पल, सोन्दर्य प्रसाधन, छतरी, प्लास्टिक सहित सभी दूकानों पर भी खरीददारी करने वाले भक्तों की भीड़ दिखाई दी। वहीं खासकर स्कूल खुलने से पहले नन्हें बालकों के लिए स्टेशनरी, बेग तथा अन्य सामग्री की दूकानों पर खासी भीड़ रही। प्रभू के भेंटपात्र में निरन्तर प्रति माह हो रही वृद्धि के चलते भक्तों के चहरे पर विशेष खुशी नजर आ रही थी।

## जिला कलेक्टर का औचक निरीक्षण, मांडलगढ़ व बिजौलिया शिविरों में आमजन को मिले पट्टे व पेंशन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राज्य सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के अंतर्गत बुधवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बिजौलिया उपखंड के नयानगर और मांडलगढ़ उपखंड के कल्याणपुरा ग्राम पंचायत में शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

बिजौलिया के शिविर में विधायक गोपाललाल खंडेलवाल भी उपस्थित रहे, जहां आमजन को राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी गौ और शिविर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, मांडलगढ़ उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा सहित उपखंड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**जन संवाद व त्वरित समाधान पर जोर**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संधू ने विभिन्न विभागों के कार्यों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तन्मयता, संवेदनशीलता और जनप्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। उन्होंने शिविर में आए ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी





समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों को स्वयं शिकायत रजिस्टर में दर्ज कर त्वरित संज्ञान लिया। उनका यह व्यवहार अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना।

**लाभार्थियों को मिले पट्टे व पेंशन**

कलेक्टर ने पात्र ग्रामीणों को आवासीय पट्टे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही, पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में पहल करते हुए पौधारोपण कर जनभागीदारी से हरित अभियान की शुरुआत की।

**समस्याओं के स्थायी समाधान के निर्देश**

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों का विश्लेषण कर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में पुनरावृत्ति न हो।

**विभागीय कार्यों का निरीक्षण -**

- राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान, पत्थरगड़ी, नामांतरण, रास्ता विवाद और आपसी सहमति से बंटवारे जैसे प्रकरणों का निस्तारण किया गया।
- पंचायती राज विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पट्टों का वितरण किया।
- चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तियों को पोषण किट प्रदान की गईं।
- पशुपालन विभाग से जुड़ी शिकायत पर कलेक्टर ने उच्च अधिकारियोंओ को जांच के निर्देश दिए।

# जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने जिस पुलिया का किया निरीक्षण, वो बारिश में फिर टूटी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने जिस पुलिया का निरीक्षण किया वो मंगलवार की बारिश में टूट गई । अधिवक्ता तेजेन्द्र सिंह शक्तावत ने बताया कि संतोष कॉलोनी स्थित पांडु के नाले की पुलिया और मेवाड़ मिल से पांडु के नाले तक रोड़ का निरीक्षण जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को किया था । वो पुलिया मंगलवार की बारिश से और ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती हैं। पुलिया पहले से ही काफी सकडी और कमजोर बनी हुई है जिस पर भारी वाहन नहीं निकल सकते और ना ही चौपहिया वाहन क्रॉस हो सकते है। पटरी पार जनता को शहर से जोड़ने वाले मार्ग की यह मुख्य पुलिया है।



## भोपालगंज क्षेत्र में जनसमस्याओं का निरीक्षण, समाधान की जरूरतः विधायक कोठारी के निर्देश पर टीम सक्रिय



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर विधायक अशोक कोठारी के निर्देश पर विधायक कार्यालय की टीम ने भोपालगंज क्षेत्र का निरीक्षण कर सड़क, नाली, सफाई, बिजली पोल और जल निकासी जैसी समस्याओं का जायजा लिया।

मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि निरीक्षण रेलवे स्टेशन द्वार से शुरू होकर बालाजी मार्केट, सूचना केंद्र चौराहा, सिताराम जी की बावड़ी और हरी शेवा धाम तक किया गया। निरीक्षण में नालियों पर अतिक्रमण, जल निकासी व्यवस्था की कमी, पेड़ों व पोल की अव्यवस्था और कचरे की समस्या सामने आई।

टीम ने सुझाव दिया कि डिवाइडरों में जल निकासी के कट बनाए जाएं, कचरा स्थलों की सफाई कर उपयोगी रूप दिया जाए और दुकानदारों को नालियों की सफाई में सहयोग के लिए प्रेरित किया जाए।

स्थानीय नागरिकों ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। निरीक्षण में बाबूलाल टाक, संजय राठी, केदार जागेटिया, कमल कोठारी व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### नगर निगम सभागार में आयोजित हुआ लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह

# आपातकाल के सेनानियों को मिला सम्मान, लोकतंत्र रक्षा के किस्से हुए साझा



भीलवाड़ा - कार्यक्रम में शामिल लोग




भीलवाड़ा : स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करते हुए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को नगर निगम सभागार में ÷लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को अतिथियों ने माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर तथा पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, नगर निगम महापौर राकेश पाठक,जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, उपमहापौर रामलाल योगी, एडीएम शहर प्रतिभा देवठिया, सहायक कलक्टर एवं नोडल अधिकारी अरुण जैन, लोकतंत्र रक्षा मंच के अध्यक्ष गोविंद नारायण राठी, तथा मंच के सचिव रजनीकांत आचार्य सहित अनेक लोकतंत्र सेनानी, उनके परिवारजन एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत तथा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में सेनानियों के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें प्रेरणा का स्रोत बताया गया।

### स्मृतियों का साझा किया गया अनुभव

समारोह में लोकतंत्र सेनानी रजनीकांत आचार्य ने आपातकाल की विभीषिका को याद करते हुए बताया कि किस प्रकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों और न्यायिक प्रणाली को कुचला गया। मिठूलाल सोनी ने भी अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए नागरिकों ने असाधारण साहस का परिचय दिया। आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे अंधकारमय दौर माना जाता है। इस अवधि में सेंसरशिप लागू की गई, नागरिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियाँ, छापे, और दमनचक्र चलाया गया।


इन कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र सेनानियों ने अपने अदम्य साहस और अडिग संकल्प से लोकतंत्र की ज्योति को बुझने नहीं दिया।

तानाशाही प्रवृत्ति का विरोध करते हुए उन्होंने जेलों की यातनाएँ सहीं लेकिन लोकतांत्रिक आदर्शों से विचलित नहीं हुए।

### पुस्तक भेंट कर सम्मान

लोकतंत्र सेनानियों को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक ÷लोकतंत्र रक्षा की कहानी– सेनानियों की जुबानी÷ भेंट की गई, जिसमें आपातकाल के दौरान के उनके संघर्ष और अनुभवों का दस्तावेजी संकलन प्रस्तुत किया गया है।

## जुट का नाका बांध लबालब, चादर चलने से खेतों में भरा पानी, किसानों की बढ़ी चिंता



बिजौलिया : जुट के बांध पर चली चादर

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

उपखण्ड क्षेत्र की लक्ष्मी खेड़ा ग्राम पंचायत के चेनपुरिया गांव में स्थित जुट का नाका बांध बीती रात की बारिश के बाद पूरी तरह भर गया है। इस बांध की भराव क्षमता 28 फीट है, जो अब लबालब हो चुकी है। बुधवार सुबह से बांध की चादर लगभग आधा इंच चलने लगी है, जिससे आसपास के खेतों में पानी भर गया है।

मंगलवार रात से सुबह 7 बजे तक बिजौलिया क्षेत्र में 60 मिमी बारिश दर्ज की गई है ।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समय खेतों में बुवाई की तैयारी चल रही थी, लेकिन अचानक पानी भर जाने से खेत जलमग्न हो गए, जिससे फसल खराब होने की आशंका बन गई है। मौके पर लोकेश मेघवाल, रामचंद्र मीणा, सत्यनारायण मीणा, रमेश बंजारा, रामसरूप मीणा, रोहित बंजारा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने चिंता जताई और प्रशासन से जल्द से जल्द समाधान की मांग की।

## भक्ति, सेवा और श्रद्धा का पर्वः बाबा हरिराम साहब की 78वीं वर्सी आज से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

हरिशेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में सतगुरु बाबा हरिराम साहब जी की 78वीं वर्सी 26 जून से एकम तिथि को श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ होगी। चार दिवसीय यह आयोजन 29 जून तक चलेगा, जिसमें सत्संग, प्रवचन, भजन-कीर्तन और विविध धार्मिक आयोजन होंगे।

आश्रम के संत गोविंदराम ने बताया कि 26 को बाबा हरिराम साहब और 29 को बाबा गंगाराम साहब जी की वर्सी मनाई जाएगी। महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन ने बताया कि आयोजन से पूर्व अमावस्या पर अग्निपूजन के साथ अन्न सेवा की शुरुआत की गई, जो नगर की बस्तियों में चलेगी। 26 जून से श्रीरामायण का अखंड पाठ, विशेष पूजन, सत्संग और भगत मंडलियों की प्रस्तुतियां होंगी। श्रद्धालु दरबार साहब, धूणा साहब व समाधियों पर दर्शन कर पुण्य लाभ लेंगे। यह आयोजन संत परंपरा, सेवा और समर्पण का प्रतीक है, जिसमें देशभर से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आश्रम ने अधिकाधिक पुण्य लाभ के लिए सहभागिता की अपील की है।

## साधु-साध्वी भक्ति और धर्म उपदेश का संगमः जहाजपुर में आचार्य वर्धमान सागर जी की मंगल देशना

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

प्रथमाचार्य शांति सागर जी की परंपरा के पंचम पट्टाधीश आचार्य वर्धमान सागर जी का जहाजपुर आगमन स्वस्तिभूषण माताजी एवं संघ द्वारा परंपरागत भक्ति के साथ हुआ। स्वागतम उपरांत माताजी और अन्य साधुओं ने आचार्य श्री के चरण प्रक्षलन किए।

आचार्य श्री ने धर्मसभा में तीर्थ, दर्शन, सांसों का सदुपयोग, संयम, सम्यक दर्शन और पंचकल्याणक की महिमा पर विस्तार से उपदेश दिया।



उन्होंने कहा कि साधुओं में आचार्य शांति सागर जी और तीर्थों में सम्मेद शिखर जी के दर्शन हर श्रावक-श्राविका को अवश्य करने चाहिए। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर जी ने चारित्र के 6 खंडों पर विजय पाई थी। जीवन की श्वासें धर्म में लगानी चाहिए, तभी वह सार्थक बनती हैं। तीर्थ केवल भोजन-विहार के नहीं, संयम-साधना के स्थल हैं।

आचार्य श्री ने 40 वर्ष पूर्व जहाजपुर में भगवान श्री नेमिनाथ के दर्शन की स्मृति साझा की और बताया कि ब्यावर में आचार्य शांति सागर जी का चातुर्मास हुआ था।

गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने सम्यक दर्शन, ज्ञान और चारित्र की व्याख्या की।

27 जून को स्वस्तिधाम में आचार्य श्री के 36वें पदारोहण दिवस का आयोजन होगा, जिसमें चातुर्मास स्थल की घोषणा भी की जाएगी।

## QUICK BITES

## कुड़ी चौराया से गेगा का खेड़ा सड़क की हालत खराब, ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**( रमेश चंद्र डाड)** – मांडलगढ़ क्षेत्र के कुड़ी चौराया से गेगा का खेड़ा जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। लंबे समय से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। जिससे जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ फैल चुका है।

बरसात के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से दलदल और जलभराव में बदल जाता है। जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमारों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है।

दुर्गेश कुमार शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों ने सार्वजनिक सड़क निर्माण विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र इस सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए। नहीं तो ग्रामवासी विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर गगन पुरोहित ,अंकित शर्मा, महावीर शर्मा ,महावीर गुर्जर, सुराज व्यास आदि ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## आषाढ अमावस्या पर चारभुजा नाथ को ध्वजा अर्पण की समर्पित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा




श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के बडा मंदिर में आज सर्वार्थ सिद्धि योग एवं देव पितृ कार्य अमावस्या के शुभ अवसर पर आज 11¬15 चारभुजा नाथ के ध्वजा अर्पण की गई चारभुजा नाथ को आज आकर्षक रूप से बांके बिहारी कि झांकी के रूप में सजाया गया ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि ढोल नगाड़े के साथ लाल ध्वजा को चारभुजा नाथ के श्री चरणों में चढ़ाकर परिक्रमा करते हुए उसे ध्वजा दंड में पहनाकर शिखर पर फहराया गया इस बार की ध्वजा सावित्री शर्मा, रामपाल शर्मा, अनिल शर्मा, अंजू शर्मा, केशव शर्मा की ओर से चढ़ाई गई इस अवसर पर ट्रस्ट सरक्षक रामेश्वर तोषनीवाल ,ट्रस्ट मंत्री प्रहलाद भदादा सहित कहीं भक्तगण उपस्थित थे

## सिंगोली चारभुजा में रावणा राजपूत समाज की बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)** सिंगोली चारभुजा स्थित रावणा राजपूत धर्मशाला में आषाढ़ी अमावस्या को समाज की बैठक आयोजित हुई । कालू सिंह मेहताजी का खेड़ा ने बताया कि सुबह 10 बजे समाज के प्रबुद्ध जनो के साथ बैठक आयोजित हुई । जिसमें धर्मशाला में समाज जनों के सहयोग से बर्तनों की व्यवस्था करने, बिजली की फाईल बनवाने ,धर्मशाला में चल रहे निर्माण कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया । साथ ही जनगणना के समय जाति के स्थान पर रावणा राजपूत लिखाने का सभी से आग्रह किया । इस अवसर पर कालू सिंह मेहताजी का खेड़ा, नारायण सिंह अमरतीया, कल्याण सिंह बड़ाखेड़ा, भेरु सिंह त्रिवेणी ,भंवर सिंह मनकड़ी, शंभू सिंह सिंगोली , गोवर्धन सिह साण्डगांव सहित समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।

# सुविधा स्पिन यूनिट सरेरी में महासती डॉ. कुमुदलता म.सा. के सान्निध्य में महा अनुष्ठान सम्पन्न, साध्वी मंडल का भव्य स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**(प्रकाश चन्द्र लोढा)** श्रमण संघीय जैन दिवाकरीय मालव सिंहनी गुरुणी सा प.पु कमलावती म.सा. की सुशिष्या अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता म.सा.स्वर साम्राज्ञी महासती डॉ. महाप्रज्ञा म.सा. वास्तु शिल्पी महासती डॉ. पद्मकित म.सा. विद्याभिलाषी महासती राजकिर्ती म.सा. आदि ठाणा 4 का मंगल विहार कंवलियास से होकर सुदीवा स्पीनर्स यूनिट सरेरी पहुंचे जहां पर सुदीवा स्पिनर्स के मालिक जगदीश चंद्र लड्ढा वरुण कुमार एवं परिवार ने साध्वी मंडल अगुवाई की इस अवसर पर अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चंद्रिका डॉक्टर कुमुद लता म. सा. मुनिसुव्रत स्वामी का जाप कर महा मंगलकारी अनुष्ठान करवाया इस अवसर पर क्षेत्र के पूर्व विधायक हगामी लाल मेवाड़ा पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह ,सुदीवा स्पिनर्स यूनिट के हेड जे सी लड्ढा,निदेशक वरुण लड्ढा का स्वागत अभिनंदन वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार रांका, अनुराग काकरिया ,राहुल चोरडिया, उमेद बाबेल ने माला पहनाकर पगड़ी बंधवाकर समाज की ओर से अभिनंदन किया इस अवसर पर आज धर्म सभा में भामाशाह राजेंद्र चोरडिया, चंद्रकांता चोरडिया, अंजु राका,ज्योति काकरिया, संगीता बाबेल मोनिका सिसोदिया अशोक सुराना,अरिहंत बंब, निलेश मेहता, मनीष जिंदल राजकुमार सोनी बार एसोसिएशन के सचिव नेकीराज चौधरी एडवोकेट गोपाल वैष्णव,अविनाश पाराशर ,राजू पाराशर सहित सैकड़ो श्रावक श्राविकाए सुदीवा स्पिनर्स यूनिट स्टाफ उपस्थित थे

## सामाजिक समस्या पर माहेश्वरी महिला मंडल की चर्चा, तलाक में अनुचित मांगों पर जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की भीलवाड़ा जिला शाखा की ओर से ÷तलाक के समय भरण-पोषण के नाम पर अनुचित मांगों पर रोक÷ विषय पर वैचारिक चर्चा का आयोजन आनंद धाम हवेली मंदिर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब की राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अनिता सोडाणी ने की, जबकि मुख्य अतिथि श्रीमती सुमन बाहेती रहीं।

डॉ. सोडाणी ने कहा कि समाज को अब मध्यमवर्गीय परिवारों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा करनी होगी। उन्होंने तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति और उसमें लड़के पक्ष पर डाले जाने वाले अत्यधिक दबाव पर चिंता जताई और कहा कि जब गलती किसी की हो, उस पर समाज को सख्ती से रुख अपनाना चाहिए।

मुख्य अतिथि सुमन बाहेती ने कहा कि इस कार्यक्रम में जो बातें उठी हैं, वह आम माहेश्वरी समाज की पीड़ा हैं। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रीय महिला मंडलों की अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने भाग लिया और अपने विचार रखे।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ. चेतना जागेटिया ने बताया कि आम माहेश्वरी वर्ग अब अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा से कड़े निर्णय की उम्मीद कर रहा है। यदि समाज का शीर्ष संगठन कठोरता से कार्रवाई करे, तो कई समस्याओं का समाधान संभव है।

आभार डॉ. राखी राठी और एडवोकेट नीलम दरगड़ ने व्यक्त किया।

# मातृ सर्वभूतानां गावः सर्वसुखप्रदाः' -गौ माता समस्त प्राणियों की जननी एवं कल्याण की स्रोत हैं- रावत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा



जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के नौगांव स्थित माधव गौ विज्ञान अनुसंधान केंद्र एवं गौशाला का निरीक्षण किया। मंत्री रावत ने परिसर में स्थित सांवलिया सेठ मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

निरीक्षण के दौरान संस्थान के अध्यक्ष एवं गौ सेवा क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश द्वारा जल संसाधन मंत्री को संस्थान की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

मंत्री रावत ने संस्थान में गौ संरक्षण, पंचगव्य चिकित्सा अनुसंधान, जैविक खेती एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं वैदिक परंपराओं का प्रभावी संवाहक है।

**उन्होंने संस्थान की प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख किया -**

पंचगव्य चिकित्सा अनुसंधानः केंद्र में गौमूत्र, गोबर, दूध, दही एवं घी के उपयोग से आयुर्वेदिक औषधियों का निर्माण कर विभिन्न रोगों के उपचार में सफलता प्राप्त की जा रही है। जैविक कृषि को बढ़ावाः किसानों को रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में जैविक खाद, कीटनाशकों एवं गौ-अमृत के प्रयोग हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

गौ आधारित आर्थिक स्वावलंबनः संस्थान का उद्देश्य गौपालकों एवं कृषकों को आत्मनिर्भर बनाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सके। मंत्री रावत ने कहा कि ÷यह केंद्र केवल एक गौशाला नहीं, बल्कि ग्रामीण नवाचार, पारंपरिक चिकित्सा एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है।÷

निरीक्षण के अंत में मंत्री रावत ने संस्थान के कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की और राज्य सरकार की ओर से यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# बाणमाता शक्तिपीठ पर दान पात्र खोला

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**( रमेश चंद्र डाड)** श्री बाणमाता शक्तिपीठ मंदिर परिसर में अमावस्या के अवसर पर दानपात्र खोला गया। दानपात्र से 5 लाख 96 हजार 113 रुपए राशि भेट प्राप्त हुई। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़ ,महामंत्री अमित जोशी ,कान्हा धाकड ,लेखाकार प्रदीप पोरवाल ,व्यवस्थापक प्रमोद धाकड़ ,धन्ना कुमावत, उमेद सिंह, घीसू सिंह ,बालू सिंह आदि भक्त मौजूद थे।

# संगम यूनिवर्सिटी में प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

## 1500 से अधिक विद्यार्थियों व अभिभावकों ने की शिरकत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



एडमिशन सेल के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने बताया कि संगम यूनिवर्सिटी, भीलवाड़ा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें भीलवाड़ा सहित आसपास के जिलों से 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने न केवल समारोह का आनंद लिया बल्कि विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए पूरे आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम का शुभारंभ संगम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. करुणेश सक्सेना ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास के महत्व पर प्रेरक संदेश दिया। साथ ही, आपने अपने मोटिवेशनल वीडियो एवं जीवन के अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के प्रभावशाली मंत्र भी साझा किए।इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर डॉ. मानस रंजन, कुलसचिव डॉ. राजीव मेहता सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अनुराग शर्मा एवं अरविंद दाधीच ने किया।समारोह के दौरान विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसरों एवं करियर मार्गदर्शन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई, कौशल विकास और भविष्य की दिशा तय करने में सहायता मिली। इस दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने न केवल विश्वविद्यालय की सराहना की, बल्कि विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली और अपनी रुचि अनुसार विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश हेतु उत्सुकता भी व्यक्त की।कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की सफलता में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों एवं स्टाफ का विशेष योगदान रहा।अंत में एडमिशन सेल के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार जैन ने जानकारी दी कि वर्तमान में विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक विद्यार्थी रिक्त सीटों पर शीघ्र प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# बीज वितरण में अनियमितता का आरोप, किसानों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**


बिजोलिया : उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देते किसान

राष्ट्रीय मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन योजना के तहत किसानों को दिए जा रहे सोयाबीन बीज वितरण में अनियमितता और भेदभाव के आरोपों से विवाद खड़ा हो गया है। बिजौलिया उपखंड क्षेत्र के कई किसानों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्रय-विक्रय सहकारी समिति पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

किसानों ने आरोप लगाया कि योजना के तहत फार्म भरकर समय पर जमा कराने के बावजूद उन्हें बीज उपलब्ध नहीं करवाया गया, जबकि कुछ अन्य किसानों को लाभ दे दिया गया। किसानों का कहना है कि समिति द्वारा जानबूझकर निर्धन और पात्र किसानों को वंचित रखा गया, जबकि अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाया गया है।

इस कथित धांधली से नाराज किसानों ने समिति संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस प्रकार की अनियमितता योजना की पारदर्शिता और उद्देश्य पर सवाल खड़े करती है। यदि समय पर बीज नहीं मिला तो उन्हें बुवाई में देरी होगी, जिससे सीधा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और वंचित किसानों को शीघ्र बीज उपलब्ध करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में मोहनलाल, कन्हैयालाल, किशन, सुगनलाल धाकड़, शंभूलाल सहित कई किसान शामिल थे।

# टेक्सटाइल पार्क से बढ़ेगा रोजगार, मजबूत होगी स्थानीय अर्थव्यवस्था

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अजमेर रोड स्थित रूपाहेली में प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क को लेकर सरकार ने अहम कदम उठाया है। राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) ने पार्क के लिए टीओआर (Terms of Reference) जारी कर दिए हैं। अब रीको को पर्यावरणीय मंजूरी के लिए आवेदन करना होगा।

पार्क के लिए हुरड़ा तहसील में रूपाहेली, बड़ला, चतरपुरा व सुल्तानपुरा गांवों में 196.774 हैक्टेयर जमीन आरक्षित की गई है। इससे क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उद्योगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम से 3 एमएलडी पानी हेतु एमओयू होगा, जो 60 किमी पाइपलाइन के ज़रिए पहुंचाया जाएगा। वहीं पीने के पानी के लिए जलदाय विभाग से 3 लाख लीटर की मांग की गई है।

यह पार्क न केवल रोजगार सृजन करेगा, बल्कि स्थानीय उद्योगों और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा।



## QUICK BITES

# माली बने युवा महासभा के जिलाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली की अनुशंषा पर माली सैनी युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैनी ने लाम्बिया रायला निवासी उदयलाल माली (संकल्प महाविद्यालय) को राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) युवा महासभा का भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया व उदयलाल माली को निर्देशित किया कि वह अपनी कार्यकारिणी अतिशीघ्र बनाकर प्रदेश मुख्यालय को अवगत करावे।

# डोडा पोस्त तस्करी का फरार आरोपी दो साल बाद गिरफ्तार, सावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी**

**दिलखुश मोटीस**




सावर थाना पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी के मामले में दो साल से फरार चल रहे आरोपी नारायण लाल गवारिया निवासी बरुंदनी, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की 10 सितंबर 2023 को शाहपुरा गेट के पास एक अल्टो कार से टक्कर के बाद चालक फरार हो गया था। पुलिस ने कार से 78 किलो डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया था।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के निर्देशन में थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी विश्लेषण और सूचना के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी की तस्करी में संलिप्तता सामने आई है। उससे तस्करी नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में कांस्टेबल शिवप्रकाश, छोटूराम, प्रदीप, विजय और रमेश शामिल रहे।

# राजस्थान जन मंच ने झुग्गी झोपड़ी के वाशिंदो के 90 परिवारों को आटे के कट्टे वितरित किए

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



अमावस्या के पावन पर्व पर राजस्थान जनमंच द्वारा अंतिम छोर पर खड़े निर्धन गरीब झुग्गी झोपड़ी कच्चे मकान में निवासरत परिवारों को 5 किलो आटे के कट्टे 90 परिवारों की महिला मुखिया को भाजपा नेता राजस्थान जन मंच अध्यक्ष कैलाश सोनी द्वारा काशीपुरी रोड पर निशुल्क वितरित किए इस दौरान भीलवाड़ा इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन के संरक्षक रामपाल सोनी,,जगदीश सेन ,अरविंद सेन , कमलेश भारती ,द्वारका नुवाल रामचंद्र मूंदड़ा, कालू धोबी, मोनू प्रजापत, विनोद जाट किशन गाडरी ,बालू लाल सहित राजस्थान जन मंच के सदस्य उपस्थित थे




'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890